प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

5 दिसंबर 2025

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने चलनिधि स्थितियों के प्रबंधन हेतु उपायों की घोषणा की**

वर्तमान चलनिधि एवं वित्तीय स्थितियों की समीक्षा के आधार पर, रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में चलनिधि बढ़ाने के लिए दिसंबर 2025 में निम्नलिखित परिचालन आयोजित करने का निर्णय लिया है:

क. ₹1,00,000 करोड़ की कुल राशि के लिए भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद नीलामी ₹50,000 करोड़ प्रत्येक की दो किस्तों में 11 दिसंबर 2025 को तथा 18 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएंगी।

ख. तीन वर्ष की अवधि के लिए 5 बिलियन अमरीकी डॉलर की यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी 16 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी।

2. प्रत्येक परिचालन से संबंधित विस्तृत अनुदेश अलग से जारी किए जाएंगे।

3. रिज़र्व बैंक उभरती चलनिधि और बाज़ार स्थितियों पर निगरानी रखना जारी रखेगा तथा चलनिधि की व्यवस्थित स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा।

**(ब्रिज राज)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1635**